# प्रेस नोट

## फ्रंटियर मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान, जोधपुर में मनाया गया बावा दिवस

**दिनांक 18 सितम्बर 2021**

दिनांक 18 सितम्बर 2021 को श्रीमती कोमल गूमर, बावा अध्यक्षा, फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल राजस्थान, जोधपुर के दिशा–निर्देशन में फ्रंटियर मुख्यालय राजस्थान के परिवार कल्याण केन्द्र में बावा (बी0एस0एफ0 वाईव्ज वेलफेयर एसोसिएशन) दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फ्रंटियर मुख्यालय राजस्थान सीमा सुरक्षा बल कैम्पस, जोधपुर के आस–पास के इलाके में रहने वाली लगभग 60 विरांगनाओं एवं उनके आश्रितों ने भाग लिया।

बावा दिवस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमती कोमल गूमर, बावा अध्यक्षा, फ्रंटियर राजस्थान तथा सीमा सुरक्षा बल की विरांगनाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई तथा विरांगनाओं का वीणा वादन के साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रहरी संगिनियों द्वारा विरांगनाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं डॉ. तनजीत कौर, एसएमओ (स्त्री रोग विशेषज्ञ), सयुक्त चिकित्सालय, जोधपुर द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती कोमल गूमर, बावा अध्यक्षा, फ्रंटियर राजस्थान द्वारा सीमा सुरक्षा बल की विरांगनाओ को सम्मानित करते हुए पेंशनरी लाभांश विवरणिका प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अन्त में श्रीमती कोमल गूमर, बावा अध्यक्षा, फ्रंटियर राजस्थान द्वारा उपस्थित विरांगनाओं एवं प्रहरी संगिनियों का आभार व्यक्त किया तथा उनको बताया कि राजस्थान फ्रंटियर, बावा परिवार, सीमा सुरक्षा बल की विरागंनाओं, उनके आश्रितों व प्रहरी संगिनियों के कल्याणर्थ कार्य हेतु सदैव तत्पर है।


परिवार कल्याण केन्द्र
BWWA
सीमान्त मुख्यालय राजस्थान
जोधपुर
BSF


BWWA
सीमान्त मुख्यालय राजस्थान
जोधपुर
BSF

